अनोखा प्रयास | शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम का अनोखा प्रयास

# सफाई व्यवस्था में वरदान साबित हो रहा सीएंडडी प्लांट





मलबे से बन रहे पेवर ब्लॉक

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मलवा मुक्त बनाने की दिशा में जबलपुर नगर निगम का एक अनोखा प्रयास अब शहर के लिए वरदान साबित हो रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कठौंदा स्थित 'कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट ने शहर की सफाई व्यवस्था को एक नई और आधुनिक दिशा दी है। कभी शहर के चौराहों, सड़कों और खाली प्लॉटों में सिरदर्द बनने वाला निर्माण कार्य का मलबा (सीएंडडी वेस्ट) अब न केवल रीसायकल हो रहा है, बल्कि शहर के विकास में दोबारा काम आ रहा है।

इस प्लांट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ शहर भर से कलेक्ट किए गए मलबे ईंट, पत्थर, कंक्रीट को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस किया जा रहा है। फिर इस मलबे को रीसायकल करके बेहद मजबूत और आकर्षक पेवर ब्लॉक और ब्रिक्स इंटें तैयार की जा रही हैं।

अब नगर निगम इन पेवर ब्लॉक्स का उपयोग शहर के विभिन्न वार्डों में फुटपाथ निर्माण, पार्कों के सौंदर्यीकरण और सड़कों के किनारे खाली जगहों को व्यवस्थित करने के लिए बड़े पैमाने पर कर रहा है। इससे जहाँ एक तरफ डंपिंग साइट्स पर मलबे का बोझ कम हुआ है, वहीं दूसरी तरफ शहर की सड़कें और फुटपाथ साफ-सुथरे नजर आने लगे हैं।

### आम जनता को भी मिल रहे सस्ती दरों में

यह प्लांट न सिर्फ नगर निगम के सरकारी प्रोजेक्ट्स को पूरा कर रहा है, बल्कि जबलपुर के आम नागरिकों के लिए भी बेहद मददगार साबित हो रहा है। बाजार में मिलने वाले पेवर ब्लॉक की तुलना में कठौंदा प्लांट में तैयार ब्लॉक्स काफी सस्ती दरों पर आम जनता के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कोई भी नागरिक अपने घर के आंगन, पार्किंग एरिया या निजी निर्माण के लिए यहाँ से किफायती दामों पर उच्च गुणवत्ता वाले पेवर ब्लॉक खरीद सकता है।

### पर्यावरण और सफाई व्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर'

कठौंदा का यह सीएंडडी प्लांट जबलपुर के लिए एक 'गेम चेंजर' साबित हुआ है, जिसके कई फायदे एक साथ देखने को मिल रहे हैं। सफाई व्यवस्था में सुधार सड़कों के किनारे मलबे के ढेर लगने की समस्या से मुक्ति मिली है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्लांट की क्षमता और कार्यप्रणाली से न केवल जबलपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो रहा है, बल्कि यह प्रोजेक्ट 'स्वच्छ भारत मिशन' के 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से कंचन) के सपने को पूरी तरह धरातल पर उतार रहा है।



## रासलीला से जीव और परमात्मा के मिलन का दिया संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** दुर्गा मंदिर, कैलाशपुरी हाथीताल में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह केछठवें दिवस श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं, विशेषरूप से रासलीला तथा श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथावाचन करते हुएश्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. नरसिंह देवाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला केवल एक लीला नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के प्रेम, समर्पण और आत्मिक मिलन का प्रतीक है। उन्होंनेबताया कि जब भक्त निस्वार्थ भाव से ईश्वर का स्मरण करता है, तब भगवान स्वयं उसके जीवन में उपस्थित होकरमार्गदर्शन करते हैं। कथा में श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया गया कि यह प्रसंगश्रद्धा, विश्वास और सच्चे प्रेम का संदेश देता है। भगवान के प्रति अटूट आस्था और समर्पण से जीवन में सुख, शांतिऔर आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। कथा के अंत में व्यास पीठ पूजन, आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजनहुआ। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।



# संकल्प के साथ छात्राओं ने दिया स्वच्छता का फीड बैक

जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की 160 छात्राओं ने की भागीदारी

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान को गति देने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने के उद्देश्य से जबलपुर नगर निगम द्वारा एक विशेष जागरूकता एवं फीडबैक कार्यक्रम का आयोजन शहर में लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज राँझी में संपन्न हुआ, जिसमें कॉलेज की 160 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर अपना अमूल्य फीडबैक दर्ज कराया। 160 छात्राओं ने न केवल फीडबैक फॉर्म भरे, बल्कि यह संकल्प भी लिया कि वे स्वयं जागरूक रहकर अपने परिवार और समाज को भी स्वच्छता के प्रति सचेत करेंगी।

### छात्र-छात्राओं से संवाद और महत्व पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर अरविंद शाह ने इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि कैसे युवा शक्ति शहर की रैंकिंग और उसकी सूरत बदलने में सबसे बड़ी भूमिका निभा सकती है।

### नगर निगम व कॉलेज की टीम रही मुस्तैद

इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम और कॉलेज प्रबंधन की पूरी टीम मुस्तैद नजर आई। इस अवसर पर राजीव चंडोक प्रिंसिपल, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज जिन्होंने युवाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मनीष तड़से उद्यान अधिकारी ,सौरभ उपयंत्री ,आनंद मिश्रा राजस्व अधिकारी, नरेश शर्मा संभागीय अधिकारी, ,नरेंद्र सिंह ठाकुर राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर में



## दिव्यांगों को कार्यशाला में दिया गया मार्गदर्शन

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में दिव्यांगों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला, समावेशी शिक्षा से संबंधित संपन्न हुई। मंगलवार को संभाग स्तरीय समावेशी शिक्षा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में संस्थान की प्राचार्य एफ. इक्का, समावेशी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. राम नरेश पटेल, सह प्रभारी डॉ. राजकुमारी दुबे की उपस्थिति में यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जबलपुर संभाग के प्रशिक्षणरत् बी.एड एवं एम.एड प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर विशेष शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, वनमाला राय, प्रभात कुमार मोदी संबंधितों के द्वारा सांकेतिक भाषा, ब्रेल लिपि, बौद्धिक दिव्यांगों की सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से प्रस्तुति चार्ट, पोस्टर बनाकर कार्यशाला में संसाधनों को अपनाते हुए लेखन कार्य, व्याख्यान के द्वारा संभाग के उपस्थित प्रतिभागी को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत अलग-अलग प्रकार के प्रयोगों का क्रियान्वयन किया जाता है, जिससे पाठ्यक्रम की विषय वस्तु का ज्ञान तो होता ही है, साथ ही दिव्यांगता के संदर्भ में भी ज्ञान होना निश्चित होता है। इस पूरी कार्यशाला में अमित ठाकुर एवं भुवनेश्वर उपाध्याय का विशेष योगदान रहा।



## साज जबलपुरी की पुण्यस्मृति में कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर ।** मुश्किल से तुम मिले थे हजारों हजार में सौ रंग घुल गए थे फस्ले बहार में अवसर था वर्तिका द्वारा आयोजित साज जबलपुरी के पुण्य स्मृति कार्यक्रम का जिसमें अध्यक्ष प्रतुल श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार एवं मुख्य अतिथि मशहूर जादूगर एस के निगम मौजूद थे वही विशिष्ट अतिथि विजय जायसवाल रहे अतिथियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वर्गीय साज जबलपुरी एक अच्छे गजलकार, कवि एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे उनकी लिखी गजलों को अनूप जलोटा एवं चंदन दास ने अपना स्वर दिया है दूरदर्शन नई दिल्ली से अनेकों बार उनकी गजलों का प्रसारण हुआ है संयोजक विजय नेमा ने बताया कि वर्तिका के संस्थापक हैं और उन्होंने हमेशा नवोदित साहित्यकारों को मंच एवं मार्गदर्शन दिया है वही अध्यक्ष संतोष नेमा ने उनकी स्मृतियों का स्मरण करते हुए उनके सहज सरल सहयोगी व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि उनकी लिखी हुई गजलें आज भी प्रासंगिक हैं उपस्थित सभी साहित्यकारों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया एवं द्वितीय सत्र में काव्यांजलि अर्पित करते हुए तमाम कवियों ने काव्य रस वर्षा की जिन में दीपक तिवारी, प्रतिमा श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, प्रेमचंद पालीवाल, प्रकाश ठाकुर, ज्योति मिश्रा, ज्योति प्यासी, प्रीति नामदेव, तरुणा खरे, डॉ सलमा जमाल, नीतू सिंह आदि मौजूद रहे।

## सुरों की शाम में गूंजेंगे सदाबहार नगमे

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की सांस्कृतिक फिजाओं में एक बार फिर संगीत की मधुर सरगम घुलने जा रही है। 23 मई शनिवार को महाकौशल शहीद स्मारक ऑडिटोरियम सुरों की अनूठी महफिल का साक्षी बनेगा, जहां 'मैलोडी नाइट' के रूप में एक यादगार संगीत संध्या आयोजित की जाएगी। गीता गाता चल और जस्सी संधु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में भोपाल और जबलपुर के चुनिंदा फनकार अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसके निगम होंगे। कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि संगीत प्रेमियों के लिए यह शाम सदाबहार गीतों और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सजी होगी। भोपाल से आने वाले कलाकारों में मानसी सिंह, मानव सिंह, राजेश सरीन, डोली सरीन, सुनीता गौतम और नरेन्द्र कल्याण अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से माहौल को मधुर बनाएंगे। वहीं जबलपुर के कलाकार कमलकांत उपाध्याय, रीना ज्योतिषी, डॉ. सावेरी संजनानी, योगेन्द्र प्रधान, रवि श्रीवास्तव, भक्ति भावरिया और मिनिषा झारिया अपनी गायकी से संगीत प्रेमियों का मन मोहेंगे। इस संगीत संध्या में पुराने दौर के अमर गीतों से लेकर दिल को छू लेने वाली प्रस्तुतियां सुनने को मिलेंगी। कार्यक्रम शाम 6.30 बजे शुरू होगा।

## डायबिटीज मरीजों में किडनी फेलियर का खतरा : डॉ. जावंधीया



**नवभारत, जबलपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, नागपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जावंधीया ने बताया कि हर तीन में से एक डायबिटीज मरीज को किडनी की बीमारी होने का खतरा होता है। लंबे समय तक ब्लड शुगर अनियंत्रित रहने से किडनी की फिल्टर करने वाली महीन नसें प्रभावित होती हैं और कार्यक्षमता कम हो जाती है। समय पर ध्यान न देने पर मरीज को डायलिसिस या किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ सकती है। इस बीमारी को 'डायबिटिक नेफ्रोपैथी' कहा जाता है। चिंता की बात यह है कि किडनी की बीमारी की शुरुआत में कोई दर्द या स्पष्ट संकेत नहीं मिलता, इसलिए इसे 'खामोश खतरा' कहा जाता है। यह बीमारी कई वर्षों तक बिना किसी लक्षण के रह सकती है। हालांकि, पैरों या चेहरे पर सूजन, रात में बार-बार पेशाब आना, कमजोरी, थकान, भूख कम लगना, सांस फूलना, पेशाब में झाग आना और ब्लड प्रेशर बढ़ना इसके मुख्य संकेत हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### बचाव के उपाय और सालाना जांच

डॉ. जावंधीया ने किडनी सुरक्षा के 5 उपाय बताए हैं। मरीजों को अपना एचबीए 1 सी को 7 प्रतिशत से नीचे और ब्लड प्रेशर 130/80 के करीब रखना चाहिए। भोजन में नमक कम करें और मैदा-चावल की जगह मोटा अनाज खाएं। बिना डॉक्टर की सलाह के आईबुप्रोफेन जैसी दर्द निवारक दवाएं न लें। रोज 30 मिनट चलें और पर्याप्त पानी पीएं। सबसे जरूरी है कि साल में एक बार 'यूरिन ए.सी.आर.' और 'ई.जी.एफ. आर.' जाँच जरूर करवाएं।



## कचरा पृथक्करण एवं उचित निस्तारण अभियान आयोजित

**नवभारत, जबलपुर ।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल द्वारा दिनांक 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंडल के विभिन्न स्टेशनों — जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यात्रियों एवं आमजन को नॉन-प्लास्टिक तथा इको-फ्रेंडली सामग्री के उपयोग हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्रीय चिकित्सालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर में 19 मई, मंगलवार को कचरा पृथक्करण एवं उचित निस्तारण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट एवं म्यूनिसिपल वेस्ट के सही पृथक्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण के संबंध में स्वच्छता कर्मचारियों एवं आमजन को जागरूक किया गया।



## डीपी अग्रवाल इंटक के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**नवभारत, जबलपुर ।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (डबलूसीआरएमएस) के जबलपुर मंडल सचिव डीपी अग्रवाल को मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव द्वारा जबलपुर जिला राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वेस्ट सेंटल रेलवे मजदूर संघ के कार्यकर्ता मुकेश दास ने डीपी अग्रवाल को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक कौंसिल का जबलपुर जिला अध्यक्ष मनोनीत पर हार्दिक बधाई दी है। इस अवसर पर मुकेश दास के अलावा शरद यादव, बाबी धौलपुरी, भूपत सिंह, मनीष सिंह, अशोक मौर्या, रेवती रमन, संदीप दुबे, संतोष चौरसिया, कृष्णा मांझी, रवि भारती, सोनू कुमार अतीक खान आदि ने कहा है कि श्री अग्रवाल की नियुक्ति से जिले का मजदूर संगठन और प्रभावी होगा और कर्मचारियों के मुद्दों को प्रमुखता से उच्च स्तर पर उठाया जाता रहेगा।

# पश्चिम मध्य रेलवे में मनाया जा रहा विश्व पर्यावरण दिवस



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय रेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, कोटा एवं भोपाल में 15 मई से 5 जून तक विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की थीम जलवायु परिवर्तन — धरती माँ की चुनौतियाँ है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छ स्टेशन, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान जबलपुर मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर दिनांक 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जबलपुर मंडल में नोडल ऑफिस सेल, यांत्रिक विभाग के माध्यम से प्रतिदिन आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा जबलपुर, कटनी, नई कटनी, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया स्टेशनों पर शपथ ग्रहण समारोह एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### पर्यावरण अनुकूल उपाय अपनाने की सलाह दी

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक एवं पर्यावरण-अनुकूल उपाय अपनाने की सलाह दी गई। कर्मचारियों को दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, ऊर्जा एवं जल संरक्षण को अपनाने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सभी को कचरे को निर्धारित स्थान अथवा डस्टबिन में ही डालने हेतु समझाइश दी गई तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह, पिपरिया सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर यात्रियों को कचरे के पृथक्करण एवं उसके उचित निष्पादन के प्रति जागरूक करने हेतु पम्पलेट्स वितरित किए गए।

उपलब्धि | संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के आयुक्त ने निगमायुक्त को भेजा प्रशंसा-पत्र

# राष्ट्रीय स्तर पर जबलपुर नगर निगम का मिला तीसरा स्थान

10 लाख से 40 लाख तक की जनसंख्या वाले निकायों की श्रेणी में जबलपुर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवभारत,जबलपुर।** नगरीय विकास और जन-कल्याण के क्षेत्र में जबलपुर नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि पी.एम. स्वनिधि 2.0 योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जबलपुर ने देश भर के बड़े शहरों 10 लाख से 40 लाख तक की जनसंख्या वाले नगरीय निकायों की श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

इस गौरवमयी उपलब्धि पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय के आयुक्त संकेत भोंडवे ने जबलपुर के



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को विशेष अर्धशासकीय प्रशंसा-पत्र भेजकर पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### इन प्रयासों से मिली जबलपुर को राष्ट्रीय पहचान

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने अपने पत्र में जबलपुर नगर निगम द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए किए गए जमीनी प्रयासों की खुलकर सराहना की है। उन्होंने विशेष रूप से रेखांकित किया कि जबलपुर निगम द्वारा सूक्ष्म स्तर पर सतत अनुश्रवण योजना की हर स्तर पर बारीकी से समीक्षा की गई। स्ट्रीट वेंडर्स व्यवसायियों को बिना किसी देरी के समय पर ऋण उपलब्ध कराया गया। शहर के कोने-कोने में जागरूकता अभियान चलाकर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाया गया। छोटे दुकानदारों को डिजिटल भुगतान से जोड़कर उन्हें आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने में उत्कृष्ट कार्य किया गया।

### अनुकरणीय है जबलपुर का मॉडल

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने प्रशंसा-पत्र में लिखा है कि जबलपुर नगर निगम द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी कार्यकुशलता, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया गया है, जो प्रदेश के अन्य नगरीय निकायों के लिए भी पूरी तरह अनुकरणीय है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी जबलपुर निगम इसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए अपने निकाय को प्रदेश और देश स्तर पर हमेशा अग्रणी बनाए रखेगा।



## टाटा मोटर्स के हाई पेलोड वाहन लॉन्च

**नवभारत,जबलपुर।** टाटा मोटर्स और फ्रंटियर ट्रकिंग द्वारा जबलपुर स्थित होटल शॉन एलीजे में उच्च पेलोड वाले नए कमर्शियल वाहनों का एक भव्य लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष मौके पर करीब 100 सम्मानित ग्राहकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान नए वाहनों को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया और दो नए वाहनों की चाबियां भी ग्राहकों को सौंपी गईं। इस आयोजन के दौरान टाटा मोटर्स ने अपने नए मॉडलों की विस्तृत तकनीकी जानकारी ग्राहकों के साथ साझा की। इन नए वाहनों में अजुरा सीरीज एवं न्यू एलपीटी 4932 जैसे हाई पेलोड वाले अत्याधुनिक वाहन शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, इन कमर्शियल वाहनों को परिवहन व्यवसाय की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस अवसर पर टाटा मोटर्स की ओर से अमित चौरसिया (टी.एस.एम.), विकास श्रीवास्तव (टी.एस.एम.), परीक्षित परिहार (सी.एस.एम.), उपेन्द्र कुमार (सीएसएम) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, फ्रंटियर ट्रकिंग की ओर से जे. के. वाधवा, कर्नल आर. के. गोपाल, एकता वाधवा, अनमोल वाधवा (एम.डी.), कैलाश कोतवाल (सी.ए.ओ.), प्रभाकर सिंह (जी.एम.) और करनवीर वाधवा ने कार्यक्रम की अगुवाई की।